RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई, शुक्रवार 26 सितम्बर 2025 | वर्ष 07 | अंक 160 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक

**मुंबई: उद्धव ठाकरे बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का दौरा करेंगे...**



Page - 2

## वोट चोरी पर जल्द करूंगा सर्जिकल स्ट्राइक...

# महाराष्ट्र की सियासत में मचने वाली है हलचल...

**आदित्य ठाकरे करेंगे कई बड़े खुलासे!**

मुंबई में हुए एक मीडिया कॉन्क्लेव में शिवसेना (यूबीटी) नेता और वर्ली से विधायक आदित्य ठाकरे ने कई बड़े बयान दिए हैं. उन्होंने कहा कि जैसे राहुल गांधी ने वोट चोरी का मुद्दा उठाया है, वैसे ही वे भी महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में वोट चोरी को लेकर बड़ा खुलासा करेंगे.

आदित्य ने बताया कि उनकी पार्टी ने चुनाव आयोग को पहले ही पत्र लिखकर शिकायत की थी कि चुनाव से ठीक पहले मतदाताओं की संख्या अचानक बढ़ गई, कई नाम वोटर लिस्ट से गायब हो गए और मतदान केंद्रों पर गड़बड़ियां भी हुई हैं.

उन्होंने कहा कि इन सबका डाटा इकट्ठा किया गया है और जल्द ही प्रेस कॉन्फ्रेंस करके जनता के सामने रखा जाएगा. जब उनसे पूछा गया कि यह खुलासा कब होगा, तो उन्होंने कहा, ''सर्जिकल स्ट्राइक की तरह हम अपनी टाइमिंग नहीं बताते.'' दरअसल, इंडिया टुडे कॉन्क्लेव 2025 में आदित्य ठाकरे ने कहा कि उनकी पार्टी ने चुनाव नतीजों को



स्वीकार किया, लेकिन इसमें कई खामियां थीं. वे खामियां जनता के सामने रखी जाएंगी. उन्होंने कहा कि अब जनवरी 2026 तक इटउ चुनाव होने वाले हैं, इसलिए पारदर्शिता और ईमानदारी से चुनाव होना बहुत जरूरी है.

**सरकार पर साधा निशाना**

राज्य सरकार पर तंज कसते हुए आदित्य बोले, ''एक डिप्टी सीएम अपने गांव जाकर रोते हैं, तो दूसरा दिल्ली जाकर शिकायतें करता है. क्या यही सरकार चलाने का तरीका है?'' जब उनसे पूछा गया कि क्या वे एकनाथ शिंदे की बात कर रहे हैं, तो उन्होंने कहा झ ''डरपोक लोगों का नाम मैं नहीं लेता.''

**भारत-पाक मैच पर बयान**

एशिया कप को लेकर आदित्य ठाकरे ने कहा कि भारत को पाकिस्तान के साथ मैच नहीं खेलना चाहिए था. उन्होंने कहा, ''मैं ऐसे मैच नहीं देख रहा हूं, जिसमें भारत और पाकिस्तान खेल रहे हों. अगर मैं जय शाह की जगह होता तो क्ठउ से जाकर इन मैचों का बायकॉट करता. यह मेरे सिद्धांतों के खिलाफ है.''नेता के बेटे होने के कारण लगे 'नेपो किड' के आरोप पर आदित्य ठाकरे ने कहा, ''मुझे अपनी विरासत पर गर्व है.

### बीजेपी और हिंदुत्व पर भी किया हमला

**उद्धव ठाकरे की संभावित वापसी की चचाओं को खारिज करते हुए आदित्य ने कहा कि ''कुछ बातों पर समझौता नहीं हो सकता. जिस तरह सरकार काम कर रही है, जिस तरह इटर और राज्य को लूटा जा रहा है, इस पर कोई समझौता नहीं होगा.'' हिंदुत्व पर बोलते हुए आदित्य ठाकरे ने कहा, ''बीजेपी कौन होती है हमें प्रमाण पत्र देने वाली? हम ही वह पार्टी हैं जिसके नेता उद्धव ठाकरे तीन बार अयोध्या गए. मैं गर्व से कहता हूं कि मैं हिंदू हूं और गौरवशाली हिंदू हूं. लेकिन बीजेपी के उस हिंदुत्व को मैं नहीं मानता, जिसमें किसी को खाने की पसंद पर जिंदा जला दिया जाए.'' उन्होंने कहा कि उनकी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी कभी बुरे रिश्ते नहीं रहे और राहुल गांधी से हमेशा अच्छे रिश्ते रहे हैं. राजनीति में किसी को दुश्मन मानकर चलना सही नहीं है.**

## 23 साल के बेटे ने पिता-दादा का गला रेता...

### चाकू लेकर पहुंचा थाने, बोला- मैं टूट चुका था

**मुंबई :** मुंबई के अंधेरी इलाके में एक दिल दहला देने वाली घटना ने पूरे शहर को स्तब्ध कर दिया। संतोषी माता चॉल में रहने वाले 23 वर्षीय युवक चेतन मनोज भाटरे ने मंगलवार देर रात अपने पिता और दादा की चाकू से गला रेतकर निर्मम हत्या कर दी, जबकि चाचा को गंभीर चोटें पहुंचाईं। आरोपी ने वारदात के तुरंत बाद खून से सना चाकू हाथ में लिए स्थानीय पुलिस स्टेशन में आत्मसमर्पण कर दिया।

मुंबई पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया है और हत्या का मामला दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है। एमआईडीसी पुलिस स्टेशन के अनुसार, चेतन एक मेडिकल स्टोर पर डिलीवरी बॉय का काम करता है। मंगलवार रात करीब 11:30 बजे वह घर लौटा तो परिवार में पुरानी दुश्मनी फिर भड़क उठी। उसके पिता मनोज भाटरे (57 वर्ष), दादा बाबू भाटरे (79 वर्ष) और चाचा अनिल भाटरे (54 वर्ष) शराब के नशे में धुत थे



और आपस में झगड़ रहे थे। चेतन ने बताया कि पिता नशे की हालत में उस पर हमला करने लगे, जिससे गुस्से में आकर उसने किचन से चाकू उठाया और तीनों पर ताबड़तोड़ वार कर दिए। पिता और दादा को मौके पर ही गंभीर चोटें लगीं, जिनसे उनकी मौत हो गई। चाचा अनिल ने किसी तरह जान बचाई, लेकिन उनका गला रेत दिया गया। उन्हें तुरंत नायर अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उनकी हालत स्थिर बताई है।

वारदात के बाद चेतन, हाथ में चाकू लहराते हुए, सीधे एमआईडीसी पुलिस स्टेशन पहुंचा और सरेंडर कर दिया। ड्यूटी पर तैनात अधिकारी ने उसे तुरंत गिरफ्तार किया और वरिष्ठों को सूचना दी। प्रारंभिक पूछताछ में चेतन ने खुलासा किया कि परिवार में शराब की लत और लगातार झगड़ों ने घर को नर्क बना दिया था। उसने कहा, ''मेरे पिता, दादा और चाचा सभी शराबी थे। वे रोज झगड़ते थे और मेरी कमाई का दुरुपयोग करते थे। मेरी मां दो साल पहले इसी उत्पीड़न से तंग आकर घर छोड़कर चली गई थी। मेरी बहन भी इसी पीड़ा से गुजर रही थी। मैं टूट चुका था।''

## कोस्टल रोड पर कार में आग लगने के बाद लगभग एक घंटे तक वाहनों की आवाजाही बाधित

**मुंबई :** मुंबई के कोस्टल रोड पर गुरुवार सुबह एक कार में आग लगने के बाद लगभग एक घंटे तक वाहनों की आवाजाही बाधित रही, जिसके बाद मुंबई ट्रैफिक पुलिस ने यात्रियों के लिए एक एडवाइजरी जारी की। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना सुबह करीब 9.30 बजे ताड़देव के पास कोस्टल रोड की दक्षिण दिशा वाली सुरंग के अंदर हुई। आग पर काबू पाने के लिए दमकलकर्मियों के घटनास्थल पर पहुँचने पर दक्षिण और उत्तर दिशा वाली दोनों लेन को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया।



मुंबई ट्रैफिक पुलिस ने अपने एक्स हैंडल पर एक पोस्ट में कहा, ''कार में आग लगने के कारण कोस्टल रोड (तारदेव) के दक्षिण और उत्तर दिशा में यातायात रोक दिया गया है। ''हाजी अली और वर्ली कनेक्टर पर भीड़भाड़ कम करने के लिए यातायात को डायवर्ट किया गया, जबकि आपातकालीन सेवाओं ने स्थिति को संभाला। किसी के हताहत होने की खबर नहीं है और आग पर काबू पा लिया गया है। आग की घटना के बाद, कोस्टल रोड पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, और यात्रियों और अन्य लोगों ने तस्वीरें और अपडेट सोशल मीडिया पर साझा किए। एक यूजर ने एक्स पर एक तस्वीर शेयर करते हुए लिखा, ''लगता है कोस्टल रोड सुरंग में कुछ गड़बड़ है। गाड़ियाँ सुरंग से वापस लौट रही हैं।'' ''दुर्घटना के कारण कोस्टल रोड सुरंग बंद कर दी गई है।

## मुंबई : बांग्लादेश से अवैध रूप से आई 21 वर्षीय गर्भवती महिला दूसरी बार भाग गई; तलोजा में गिरफ्तार

**मुंबई :** कथित तौर पर बांग्लादेश से अवैध रूप से आई एक 21 वर्षीय गर्भवती महिला, जो जेजे अस्पताल से दूसरी बार भाग गई थी, को नवी मुंबई के तलोजा में जेजे मार्ग पुलिस ने गिरफ्तार किया। जेजे मार्ग पुलिस के अनुसार, आरोपी रुबीना इरशाद शेख को पहली बार नवी मुंबई पुलिस ने 7



अगस्त को अवैध प्रवासियों के खिलाफ कार्रवाई के दौरान गिरफ्तार किया था। 13 जनवरी को, वाशी पुलिस ने अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशियों के खिलाफ कार्रवाई के दौरान रुबीना शेख, उसकी मां, बहनों और नाबालिग भाई के खिलाफ अपराध दर्ज किया। पुलिस ने रुबीना की मां को गिरफ्तार किया था और पता चला कि उसने 1998 में झारखंड में इरशाद शेख नाम के एक व्यक्ति से शादी की थी।

## संपादकीय...



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

# ढलियारा का खूनी मोड़..

ढलियारा के मोड़ पर पुनः पुराना हादसा और परिवहन व्यवस्था की चीख निकल गई। चार लोगों की मौत में श्रद्धालु गिनें, गलत वाहन पर यात्रियों की ढुलाई को मना करें या इन रास्तों की खूंखार इंजीनियरिंग में दोष चुनें। जो भी हो यह मंजर बार-बार लौट कर आता है और रास्ते के पत्थर शिकायत करते हैं। आश्चर्य है कि चंडीगढ़ और जालंधर को धर्मशाला से जोड़ता यह मार्ग दुर्घटनाओं की कब्र में मृत मान लिया गया। गलतियां चुनना आसान है और जांच के पहिए दौड़ाना भी मुश्किल नहीं, पर इस हादसे को पर्यटन से जोड़ के देखें तो एक गहरी सी टीस उठती है। पर्यटक वाहनों के लिए हमारे निर्देश, हमारे आदेश और हमारी चौकसी है क्या। माना कि श्रद्धा का सामान लिए यह ट्रक चामुंडा में लंगर डालकर, नवरात्रि पर्व के पुण्य में शरीक होने की मंजिल पर जा रहा था। क्या ट्रक, ट्रैक्टर ट्रॉली और दोपहिया वाहनों पर यात्रियों को परिवहन नियमों की अवहेलना का अधिकार मिल जाता है। इस दुर्घटना के कई भाग और लक्षण हैं, जहां वाहन, परिवहन, ट्रैफिक पैट्रोलिंग और सडक की स्थिति में से किसी को भी दोषी चुना जा सकता है। हम पर्यटन विस्तार की हसरतों में सैलानियों के आगमन को खरी खबर मानते हैं, लेकिन हर साल एक मुकाम हार जाता है, तेरे आने से पहले बुरी खबर से। पर्यटकों को वाहनों के कारण, नदी-नालों में नहाने के कारण व पहाड़ों में भटक जाने के कारण, हर साल जिंदगी के जोखिम भारी पड़ते हैं, लेकिन हर साल ऐसी घटनाओं की बुरी खबर पूरे सीजन पर बुरी नजर बन जाती है। हम इस बार मान सकते हैं कि ट्रक का ड्राइवर गलत था या सडक पर उसका एहसास गलत था, लेकिन पिछले दिनों भारी बरसात में जिस तरह श्रद्धा का विकृत स्वरूप सामने आया, उसे क्या कहेंगे। हमारा आशय दोपहिया वाहनों को मालगाड़ी बना कर दौड़ाने का आलम मकलोडगंज से मनाली तक की सडकों को भयभीत करता रहा। यहां यह भी कहना जरूरी होगा कि सडक, परिवहन और वाहन चालन को पर्यटन की सुरक्षित व्यवस्था में देखने की जरूरत है। यह भी देखा गया है कि हाल के वर्षों में पुराने वाहनों पर पहाड़ पर चढ़ की मानों कोई प्रतिस्पर्धा शुरू हो गई हो। श्रद्धा में आत्मविभोर होना एक बात है, लेकिन धार्मिक पर्यटन के खुलासे में हमारी व्यवस्था चकनाचूर हो रही है।

Rokthok Lekhani News Update
WhatsApp group

editor@rokthoklekhani.com
+91 9987775650
Faisal Shaikh @faisalrokthok

ROKTHOK LEKHANI NEWS
KHABREIN BE ROKTOK
Watch Us On YouTube
LIKE SHARE COMMENT SUBSCRIBE
youtube@rokthoklekhani

# मुंबई : अब एक ही ऐप के माध्यम से मुंबई की तीनों मेट्रो लाइन का टिकट खरीद सकेंगे



**मुंबई :** मुंबई मेट्रो में सफर करने वाले यात्रियों का टिकट खरीदने का टेंशन खत्म हो गया है। यात्री अब एक ही ऐप के माध्यम से मुंबई की तीनों मेट्रो लाइन का टिकट खरीद सकेंगे। अब तक किसी भी एक ऐप पर मुंबई की सभी मेट्रो लाइनों की टिकट सुविधा उपलब्ध नहीं थी। इस कारण से यात्रियों को अलग-अलग ऐप या टिकट काउंटर पर लाइन लगाकर टिकट लेना पड़ता था । वनटिकट ऐप के माध्यम से एक मेट्रो से उतरकर दूसरी मेट्रो में सफर करने के लिए यात्रियों को अब टिकट खरीदने का टेंशन नहीं होगा।

मेट्रो-1 के सहयोग से वनटिकट ऐप को ओएनडीसी प्लैटफॉर्म पर लॉन्च किया गया है। जून 2025 में मेट्रो- 3 कॉरिडोर के लिए यह ऐप लॉन्च किया गया था। यात्रियों से मिले अच्छे प्रतिसाद के बाद ऐप को अपडेट कर लॉन्च किया गया है।

मुंबई में मेट्रो-7, मेट्रो-2ए का संचालन महा मुंबई रेल कॉर्पोरेशन करता है, जबकि मेट्रो-3 का संचालन एमएमआरसी और मेट्रो-1 का जिम्मा मेट्रो-1 प्रशासन के पास है। यात्री प्ले स्टोर या आईओएस प्लैटफॉर्म से ऐप को डाउनलोड कर सेवा का लाभ ले सकते हैं। बता दें कि मेट्रो की तीन लाइनों से रोजाना करीब 9 लाख यात्री सफर करते हैं।

**डिजिटल टिकट को बढ़ावा देने का प्रयास**

मुंबई समेत एमएमआर में 350 किमी मेट्रो कॉरिडोर तैयार किया जा रहा है। इसके लिए मेट्रो की 13 लाइनों को तैयार किया जा रहा है। सभी लाइनों के तैयार होने से रोजाना 25 लाख से अधिक यात्रियों के मेट्रो में सफर करने की उम्मीद है। वही पेपरलेस टिकट को बढ़ावा देने की सरकार की योजान है। फिलहाल यात्रियों को दूसरी रूट की मेट्रो लेते समय दोबारा से टिकट लेना पड़ता है। इस सिस्टम से यात्रियों को राहत मिलेगी। मुंबई में अभी केवल चार मेट्रो लाइन के जरिये से 9 लाख यात्री सफर कर रहे हैं। यात्री बढ़ने से टिकट काउंटर पर होने वाली भीड़ को भी कम करने में ऑनलाइन टिकट बिक्री प्रणाली को विकसित किया जा रहा है।

# चंद्रपुर : बाघों के हमले लगातार जारी; 20 दिनों में छह लोगों की मौत



**चंद्रपुर :** चंद्रपुर ज़िले में बाघों के हमले लगातार जारी हैं। पिछले 20 दिनों में बाघों के हमलों में छह लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि एक गंभीर रूप से घायल हुआ है। बाघ के हमले की एक और घटना सामने आई है। बुधवार सुबह ताड़ोबा-अंधारी बाघ परियोजना के बफर जोन में बाघ के हमले में एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान भामदेली निवासी 37 वर्षीय अमोल बबन नन्नावरे के रूप में हुई है, जो ताड़ोबा में जिप्सी चालक का काम करता था।जानकारी के अनुसार, सुबह करीब 11:30 बजे अमोल अपने पिता को खेतों में कीटनाशक छिड़कने के लिए मोटर पंप देने गया था।

शिकार की तलाश में घूम रहे एक बाघ ने अचानक उस पर हमला कर दिया और उसे लगभग 50 फीट तक घसीटता हुआ ले गया। यह भयावह घटना उसके पिता की आँखों के सामने हुई। जब पिता ने शोर मचाया, तो बाघ शव को छोड़कर जंगल में भाग गया। मृतक की गर्दन पर गहरे घाव के निशान पाए गए। पुलिस और वन विभाग की टीमें घटनास्थल पर पहुँचीं और शव को पोस्टमार्टम के लिए भद्रावती उप-जिला अस्पताल भेज दिया। वन रेंज अधिकारी संतोष थिपे ने बताया कि मृतक ताडोबा टाइगर रिजर्व में जिप्सी चालक के रूप में काम करता था।

घटना की सूचना मिलने पर भद्रावती पुलिस, वन अधिकारी और पीआरटी टीम घटनास्थल पर पहुँची और स्थिति को नियंत्रण में किया। घटनास्थल पर बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे। मृतक अमोल अपने पीछे पत्नी और एक छोटे बेटे को छोड़ गया है। इस घटना से पूरे इलाके में दहशत फैल गई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से बाघ को पकड़कर आगे की जनहानि रोकने की माँग की है।

# मुंबई: उद्धव ठाकरे बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का दौरा करेंगे...



**मुंबई:** मराठवाड़ा, उत्तरी महाराष्ट्र और पश्चिमी महाराष्ट्र के कई जिले बाढ़ की चपेट में हैं। कई जगहों पर जमीन बह गई है, जिससे भारी नुकसान हुआ है। सरकार ने बाढ़ की स्थिति की समीक्षा शुरू कर दी है, और शिवसेना (यूबीटी) पार्टी प्रमुख उद्धव ठाकरे भी 25 सितंबर को बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का दौरा करेंगे। उद्धव ठाकरे पाँच जिलों में स्थिति का निरीक्षण करेंगे। विधान परिषद में विपक्ष के नेता अंबादास दानवे ने भारी बारिश से हुए नुकसान का निरीक्षण करने के लिए उद्धव ठाकरे के दौरे की जानकारी दी है।

25 सितंबर को, उद्धव ठाकरे दिन भर में पाँच जिलों में भारी बारिश से प्रभावित गाँवों का दौरा करेंगे। वह सुबह 11.30 बजे लातूर जिले के कडगाँव जाएँगे। फिर वह दोपहर 12.30 बजे धाराशिव जिले के इटकुर गाँव जाएँगे। दोपहर 1.30 बजे, वह धाराशिव जिले के परगाँव में हुए नुकसान का निरीक्षण करेंगे। इसके बाद, वह दोपहर 3.30 बजे बीड जिले के कुर्ला गाँव का दौरा करेंगे। उसके बाद, वह शाम 4.30 बजे जालना जिले के महाकाल गाँव में हुए नुकसान का निरीक्षण करेंगे। इसके बाद, छत्रपति शाम 5.30 बजे संभाजीनगर जिले के राजापुर गाँव का दौरा करेंगे, ऐसा बताया जा रहा है। अंबादास दानवे द्वारा दिया गया। पिछले दो-तीन दिनों से राज्य के मराठवाड़ा, सोलापुर, अहिल्यानगर और जलगाँव जिलों में भारी बारिश ने कहर बरपाया है। नदियों में बाढ़ से कृषि, घरों और पशुधन को भारी नुकसान हुआ है। शहरी इलाकों में भी पानी घुस गया है, जिससे घरों और व्यवसायों को भारी नुकसान हुआ है।

# मुंबई मेट्रो लाइन 8 को लेकर आया बड़ा अपडेट; महज 30 मिनट में नवी मुंबई से छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे तक...

**मुंबई :** मुंबई वालों के लिए बड़ी राहत भरी खबर सामने आई है। मुंबईकरों के लिए जल्द ऐसी मेट्रो शुरू होने जा रही है जो नवी मुंबई से सीधे इंटरनेशल एयरपोर्ट महज 30 मिनट में पहुंचाएगी। य करोड़ों की लागत से तैयार की जा रही ये मेट्रो लाइन 35 किलोमीटर लंबी होगी। मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से जोड़ने वाली मेट्रो लाइन 8 को डेवलप कर रही हैं। ज्यादा जानें मनोरंजन केंद्र लगभग 35 किमी लंबी इस मेट्रो लाइन 8 की अनुमानित लागत 15,000 करोड़ रुपये है। यह लाइन दोनों हवाई अड्डों के बीच यात्रा के समय को लगभग दो घंटे से घटाकर सिर्फ 30 मिनट कर देगी। इस लाइन को हवाई अड्डा एक्सप्रेस के रूप में डिजाइन किया गया है, जिसकी मेट्रो ट्रेनें 90 किमी/घंटा तक की गति तक पहुंचने का लक्ष्य रखेंगी। 2 घंटे का सफर 30 मिनट में होगा पूरा यात्रा को तेज सुनिश्चित करने के लिए इसमें कम स्टॉप और कम स्टेशन होंगे। इससे सड़क मार्ग से 2+ घंटे के मुकाबले यात्रा का समय 30-40 मिनट हो जाएगा, और हर 15 मिनट पर ट्रेन की आवृत्ति की योजना बनाई गई है।

मुंबई मेट्रो 8 को लेकर सिडको ने उठाया बड़ा कदम फरवरी में महाराष्ट्र सरकार द्वारा पीपीपी को मंजूरी मिलने



के बाद, सिडको अब योजना को अंतिम रूप देने, अनुमोदन प्राप्त करने और कार्यान्वयन की दिशा में आगे बढ़ने के लिए परियोजना की फिर से समीक्षा कर रहा है। 23 सितंबर 2025 को सिडको ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए सिडको ने इस बड़े प्रोजेक्ट संबंधी योजना का पुनर्मूल्यांकन करने के लिए एक सलाहकार नियुक्त करने मे निविदाएं जारी कीं, जो पूरे प्रोजेक्ट की नए सिरे से समीक्षा की शुरूआत का बड़ा संकेत है।

मुंबई मेट्रो 8 लाइन का क्या होगा रूट? यह मेट्रो लाइन छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे टर्मिनल 2, अंधेरी से शुरू होगी, चेंबूर में छेदनगर तक भूमिगत चलेगी, और फिर एनएमआईए तक एलिवेटेड लाइन के रूप में आगे बढ़ेगी। पहले की योजनाओं के अनुसार, मुंबई मेट्रोपॉलिटन रीजन के भीतर के खंड की जिम्मेदारी एमएमआरडीए को दी गई थी, जबकि सिडको अपने अधिकार क्षेत्र के भीतर के हिस्से का प्रबंधन करेगा।

कफ परेड से आरे कॉलोनी तक दौड़ेगी मुंबई मेट्रो 3, होंगे ये 27 स्टेशन, समय और पैसे दोनों बचाएगी दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने पहले छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से मानखुर्द तक के 10.1 किमी खंड के लिए डीपीआर तैयार की थी। मेट्रो 8 मार्ग अंधेरी में छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे टर्मिनल 2 पर अंडरग्राउंड शुरू होगा और छेदा नगर से आगे एलिवेटेड ट्रैक पर ऊपर उठेगा। यह लाइन कुर्ला, लोकमान्य तिलक टर्मिनस और वाशी जैसे प्रमुख केंद्रों से गुजरेगी। सिडको सागर संगम पर लाइन 13 की मेट्रो 8 के साथ एकीकृत करने की भी योजना बना रहा है। मुंबई मेट्रो 8 लाइन इस परियोजना को सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल के तहत क्रियान्वित किया जाएगा, जिसमें सिडको और एक निजी संस्था मिलकर काम करेंगे। एक बार शुरू होने के बाद, निर्माण में कम से कम छह साल लगने की उम्मीद है।

## मुंबई : जीआरपी इंस्पेक्टर के नाम पर उगाही... एसीबी 4.5 लाख रुपये की रिश्वत लेते वकील को दबोचा




**मुंबई :** महाराष्ट्र भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने एक वकील अरुणकुमार समरबहादुर सिंह को ₹4.5 लाख की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। यह रिश्वत उन्होंने जीआरपी इंस्पेक्टर रोहित यशवंत सावंत की ओर से ली थी, जो दादर रेलवे पुलिस स्टेशन के अपराध शाखा में तैनात हैं। सावंत अब इस मामले में वांछित आरोपी घोषित किए गए हैं। यह रिश्वत एक व्यक्ति से ली गई थी, जो एक आरोपी प्रवीन शुक्ला का मित्र है। शुक्ला को एक व्यापारी से ₹10.5 लाख की लूट के मामले में गिरफ्तार किया गया था। वकील सिंह ने शुक्ला के मित्र को धमकी दी कि उसे भी मामले में फंसाया जाएगा, और गिरफ्तारी से बचने के लिए ₹10 लाख की मांग की गई। पहले ₹5 लाख लिए गए और फिर ₹5 लाख की शेष राशि की मांग की गई। शिकायत मिलने पर भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने जाल बिछाया और सिंह को ₹4.5 लाख लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा। उनके खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है और इंस्पेक्टर सावंत की तलाश जारी है।

## मुंबई : महिला को मायके से 6 करोड़ रुपये लाने के लिए इतना प्रताड़ित किया कि उसका गर्भपात हो गया

**मुंबई :** मुंबई से एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। माहिम पुलिस ने एक विवाहिता के पति, सास, ससुर और ननद के खिलाफ मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना का मामला दर्ज किया है। आरोप है कि ससुरालवालों ने पीड़ित महिला को मायके से 6 करोड़ रुपये लाने के लिए इतना प्रताड़ित किया कि उसका गर्भपात हो गया।



**दहेज में मांगे 21 लाख कैश और इटह कार**

मिली जानकारी के अनुसार, पीड़ित महिला का विवाह पिछले साल दिसंबर में माहिम के एक लकड़ी व्यापारी से हुआ था। शादी से पहले ससुरालवालों ने दहेज के रूप में 21 लाख रुपये नकद और एक बीएमडब्ल्यू कार की मांग की थी। हालांकि पीड़िता के परिवार ने 11 लाख रुपये नकद, 165 तोला सोना, 2 किलो चांदी और एक कार दी थी। इतना ही नहीं, इस्लाम जिमखाना में 3 करोड़ रुपये खर्च कर भव्य शादी भी की।

**6 करोड़ लाने का दबाव बनाया**

शादी के शुरुआती कुछ दिन सब ठीक चला, लेकिन इसके बाद ससुराल वालों का असली चेहरा सामने आया। पति, सास, ससुर और तलाकशुदा ननद ने पीड़िता को मायके से 6 करोड़ रुपये लाने के लिए दबाव डालना शुरू किया। ताकि पति के कारोबार को बढ़ाने में मदद हो सके। इस बीच पीड़िता गर्भवती हुई तो हैवानों की प्रताड़ना और बढ़ गई।

**पेट पर मारी लात, हुआ गर्भपात!**

पुलिस के मुताबिक, पीड़िता पर गर्भपात कराने का दबाव बनाया गया। जब उसने विरोध किया तो पति ने बेरहमी से मारपीट की, यहां तक कि उसके पेट पर भी लात मारी और घर से निकाल दिया। इस अमानवीय कृत्य की वजह से उसका गर्भपात हो गया।

आखिरकार पीड़िता के मायके वालों ने बेटी को न्याय दिलाने के लिए माहिम पुलिस से संपर्क किया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। यह घटना एक बार फिर समाज में दहेज की कुप्रथा और महिलाओं पर हो रहे अत्याचार को उजागर करती है।

## ठाणे : 334 बोतल थिनर लिक्विड, 8 ग्राम एमडी पाउडर...

### 5 ग्राम हेरोइन और कई बोतल कफ सिरप रखने के आरोप में 2 गिरफ्तार

**ठाणे :** अंबरनाथ पुलिस ने एक महिला समेत दो लोगों को कथित तौर पर 334 बोतल थिनर लिक्विड, 8 ग्राम एमडी पाउडर, 5 ग्राम हेरोइन और कई बोतल कफ सिरप रखने के आरोप में गिरफ्तार किया है, जिनकी कुल कीमत ₹2.5 लाख से अधिक है। वे कथित तौर पर स्थानीय इलाकों में इन पदार्थों को बेचने की योजना बना रहे थे। गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान अंबरनाथ निवासी शरीफ शेख और उसकी पत्नी आसिया शेख के रूप में हुई है। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस की एक टीम ने उस स्थान पर छापा मारा और प्रतिबंधित पदार्थ जब्त किया।



जाँच के दौरान पता चला कि शरीफ शेख के खिलाफ पहले से ही 29 अपराध दर्ज हैं, जबकि उसकी पत्नी के खिलाफ अंबरनाथ पुलिस थानों में चार मामले लंबित हैं। एनडीपीएस अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत एक प्राथमिकी दर्ज की गई है। अंबरनाथ के एसीपी शैलेश काले ने कहा, ''हम इस मामले की आगे जाँच करेंगे ताकि यह निर्धारित किया जा सके कि इस तरह के अपराधों को रोकने के लिए क्या निवारक उपाय लागू किए जा सकते हैं।'' आरोपियों को अदालत में पेश किया गया और आगे की जाँच के लिए पुलिस हिरासत में भेज दिया गया।

## मुंबई : भाजपा मुंबई अध्यक्ष अमित साटम ने बड़ा दावा किया; 150 से ज्यादा सीटें जीतने का भरोसा

**मुंबई :** महाराष्ट्र में नगर निगम चुनावों से पहले, भाजपा मुंबई अध्यक्ष अमित साटम ने बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि पार्टी को एकनाथ शिंदे की शिवसेना और अजित पवार की एनसीपी के साथ गठबंधन में निकाय चुनाव लड़ेगी। इस चुनाव में उन्हें मुंबई में 150 से ज्यादा सीटें जीतने का भरोसा है। अमित ने कहा कि सीटों के बंटवारे पर बातचीत आरक्षण लॉटरी पूरी होने के बाद ही शुरू होगी, लेकिन उनके निर्वाचन क्षेत्रवार विश्लेषण से पता चलता है कि महायुति देश के सबसे अमीर नगर निकाय पर नियंत्रण पाने के लिए अच्छी स्थिति में है।

**सीट बंटवारे पर क्या कहा**

साटम ने कहा कि सीटों का अंतिम बंटवारा जमीनी आकलन पर निर्भर करेगा, लेकिन भाजपा के पास शहर को उसका हक दिलाने के



लिए एक स्पष्ट दृष्टिकोण है। साटम ने कहा कि वार्ड-दर-वार्ड विश्लेषण के आधार पर, जो हमने सभी पहलुओं पर विचार करके किया है, हमें 150 से ज्यादा सीटें जीतने का भरोसा है।

**सीटों पर अभी बात नहीं**

बीजेपी मुंबई के अध्यक्ष ने कहा कि हमने अभी तक सीटों के बंटवारे पर बातचीत शुरू नहीं की है, लेकिन आरक्षण लॉटरी पूरी होने के बाद ही ऐसा करना सही होगा। हमें लगता है कि मुंबई एक निश्चित और स्पष्ट दृष्टिकोण से नेतृत्व करने में चूक गई है, जिसे हम देने की स्थिति में हैं।

**ठाकरे ब्रदर्स के गठबंधन पर क्या बोले अमित**

राज ठाकरे और उद्धव ठाकरे के बीच संभावित गठबंधन पर, अमित साटम ने कहा कि वे साथ आ सकते थे, लेकिन इसका जमीनी स्तर पर कोई असर नहीं पड़ा है। मराठी मानुष जानता है कि असली काम किसने किया है और वह महायुति को वोट देगा। विकास, सुरक्षा और मुंबई के लिए एक विजन हमारा मुख्य उद्देश्य होगा।



# मुंबई : पुलिस कॉन्स्टेबल की हादसे में मौत की रिपोर्ट, चार महीने बाद चौंकानेवाले खुलासे...

**मुंबई :** इसी साल मई महीने में वडाला ट्रक टर्मिनल पुलिस को मुंबई पुलिस कॉन्स्टेबल (52) की लाश मिली। लाश लहूलुहान थी। घटनाक्रम किसी हादसे में मौत का लग रहा था। पुलिस कॉन्स्टेबल की हादसे में मौत की रिपोर्ट हुई। हालांकि जब पोस्टमॉर्टम हुआ तो भी पुलिस को कुछ खास पता नहीं चला। मामले में पुलिस ने आगे की जांच शुरू की तो चार महीने बाद चौंकानेवाले खुलासे हुए। सामने आया कि पुलिस कॉन्स्टेबल को उसकी ही पत्नी और बेटे ने पीट-पीटकर घायल किया था। उसके बाद उसे इस तरह से छोड़ा कि मामला हादसे में मौत का लगे। पुलिस ने कॉन्स्टेबल की पत्नी और बेटे को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि स्मिता सूर्यवंशी (38) और प्रतीक सूर्यवंशी (20) को गिरफ्तार किया गया है। उन्हें स्थानीय अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें पुलिस हिरासत में जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने बताया कि कॉन्स्टेबल की मौत सायन (पूर्व) स्थित प्रतीक्षानगर पुलिस अधिकारी कॉलोनी में हुई। सूर्यवंशी अपनी पत्नी और बेटे के साथ यहीं रहते थे। वह शिवाजी नगर पुलिस स्टेशन में तैनात



थे। इसके बाद, आकस्मिक मृत्यु की रिपोर्ट दर्ज की गई और पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी।

**सूर्यवंशी के भाई ने दिया हिंट**

जांच के दौरान, प्रवीण के भाई और अन्य रिश्तेदारों ने दावा किया कि उनकी मृत्यु आकस्मिक नहीं थी, बल्कि उनकी पत्नी स्मिता सूर्यवंशी और बेटे प्रतीक के साथ लंबे समय से चल रहे आर्थिक विवाद का परिणाम थी। मृतक कांस्टेबल की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट से पता चला कि उसके शरीर पर 38 चोटों के कारण रक्तस्राव और सदमे के कारण उसकी अप्राकृतिक मृत्यु हुई थी।

**भाई को एटीएम देने को लेकर हुआ विवाद**

एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि आगे की जांच से पता चला कि जिस दिन कॉन्स्टेबल की मृत्यु हुई, उस दिन उसकी पत्नी और बेटे ने शिवाजी नगर पुलिस स्टेशन के बाहर उसका विरोध किया और घर जाने के बाद, उन्होंने उसके साथ मारपीट की। उनकी पत्नी के बीच इस बात को लेकर झगड़ा हुआ था कि सूर्यवंशी ने अपना एटीएम कार्ड धुले में रहने वाले अपने बड़े भाई को दे दिया था। आरोप है कि कॉन्स्टेबल की पत्नी और बेटे ने उन्हें पीटा। दोनों ने बयान में बताया कि सूर्यवंशी ने खुद कांच की खिड़की पर अपना हाथ पटका जिससे उनको चोट आई। दोनों उन्हें अस्पताल ले जाने की बजाए, वहां छोड़कर चले गए। एक अधिकारी ने कहा कि हमें एक सुसाइड नोट मिला जिसमें उसने लिखा था कि उसके कृत्य के लिए कोई ज़िम्मेदार नहीं है। हालांकि पुलिस को संदेह है कि यह सुइसाइड नोट भी स्मिता और प्रतीक ने लिखा होगा। और इसके आधार पर हमने आकस्मिक मृत्यु की रिपोर्ट दर्ज की।

## मुंबई के लोगों को मिलने वाली है बड़ी सौगात; लोकल ट्रेन भी अंडरग्राउंड पटरियों पर दौड़ेगी...

**मुंबई :** प्रतिदिन लाखों लोग लोकल ट्रेन से यात्रा करते हैं। यात्रियों के सफर को आसान और आरामदायक बनाने के उद्देश्य से रेलवे प्रशासन कई प्रयास कर रहा है। इन्हीं प्रयासों की बदौलत मुंबई के लोगों को जल्द बड़ी सौगात मिलने वाली है। मुंबई मेट्रो ट्रेन की तर्ज पर जल्द मुंबई लोकल ट्रेन भी अंडरग्राउंड पटरियों पर दौड़ेगी। इतना ही नहीं सेंट्रल और वेस्टर्न रेलवे की लोकल ट्रेनों के मुंबई की ऐसी-ऐसी जगहों पर अंडरग्राउंड स्टेशन होंगे, जिनकी कल्पना भी मायानगरी के लोग कर सकते हैं।



दरअसल, ट्रेनों में भीड़भाड़ कम करने के लिए नई लाइनों का निर्माण भी किया जा रहा है। मेट्रो नेटवर्क के विस्तार के साथ अब रेलवे प्रशासन अंडरग्राउंड रेल मार्ग बनाने की दिशा में भी कदम उठा रहा है। दक्षिण मुंबई में मौजूदा भूमिगत रेलवे लाइनों के नीचे ही नई भूमिगत रेल परियोजना की योजना बनाई जा रही है। मुंबई रेल विकास निगम (एमआरवीसी) ने छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (सीएसएमटी) से परेल और चर्चगेट से मुंबई सेंट्रल के बीच भूमिगत रेलवे लाइन के निर्माण की व्यवहार्यता अध्ययन शुरू कर दिया है। पश्चिम रेलवे पर चर्चगेट से मुंबई सेंट्रल के बीच धीमी और तेज गति वाली चार लाइनें तथा तीन स्टेशन मौजूद हैं। चर्चगेट और मुंबई सेंट्रल के बीच की दूरी लगभग 5 किलोमीटर है, और चारों लाइनों की चौड़ाई करीब 25 मीटर है। इस परियोजना के लिए चार अलग-अलग सुरंगों या दो लाइनों के लिए दो बड़ी सुरंगों जैसे विकल्प विचाराधीन हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, चर्चगेट से टनल बोरिंग मशीन (टीबीएम) द्वारा खुदाई करना संभव होगा। मुंबई सेंट्रल क्षेत्र में, लोकल ट्रेनों को सामान्य रूप से चलाने के लिए पर्याप्त जगह उपलब्ध है।

## लोकल ट्रेन से गिरने के बाद 35 वर्षीय एक महिला बाल-बाल बच गई

**मुंबई :** दिवा और मुंब्रा के बीच चलती महिला स्पेशल लोकल ट्रेन से गिरने के बाद 35 वर्षीय एक महिला बाल-बाल बच गई, जिसे चमत्कार ही कहा जा सकता है। दिवा निवासी पूजा शिंदे अपने पति और परिवार के साथ रहती हैं। यह घटना सुबह करीब 9 बजे हुई जब वह ट्रेन में यात्रा कर रही थीं और दिवा स्टेशन पर चढ़ीं। राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) के अनुसार, अधिकारियों को एक यात्री के चलती ट्रेन से गिरने की सूचना मिली। स्टेशन मास्टर के साथ जीआरपी कर्मी मौके पर पहुँचे और शिंदे को दिवा की ओर रेलवे ट्रैक पर चलते हुए पाया। पूछताछ करने पर, उसने बताया कि वह महिला स्पेशल ट्रेन से गिरी थी, लेकिन उसे कोई चोट नहीं आई, यहाँ तक कि अंदरूनी घाव भी नहीं।



ठाणे रेलवे पुलिस स्टेशन की वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अर्चना दुसाने ने पुष्टि की कि जीआरपी टीम शिंदे को दिवा स्टेशन ले आई और उसके पति को सूचित किया, जो बाद में उसे घर ले गए। उसी ट्रेन में सवार एक प्रत्यक्षदर्शी, दर्शना चौधरी ने कहा कि महिला भाग्यशाली थी क्योंकि ट्रेन धीमी गति से चल रही थी। चौधरी ने बताया, ''मैंने तुरंत जीआरपी अधिकारियों को सूचित किया।

## मुंबई : अवैध रूप से रह रहे ३ बांग्लादेशी मुंबई में गिरफ्तार, २ बच्चे भी पकड़े गए...



**मुंबई :** मुंबई पुलिस ने मुंबई और ठाणे में अवैध रूप से रह रहे तीन बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार और दो बच्चों को पकड़ा है। ये सभी मजदूरी करते थे। एक अधिकारी ने बताया कि उपनगरीय जोगेश्वरी पुलिस के आतंकवाद निरोधी प्रकोष्ठ के अधिकारियों ने दहिसर से सलीम बलाई मोल्ला (38) को गिरफ्तार किया। उससे पूछताछ के बाद पुलिस ठाणे जिले के मीरा रोड इलाके में नन्नू अलेक शेख (32) और उसकी पत्नी रुखसाना नन्नू शेख (30) तक पहुंची। उनके 9 और 5 साल के दो बच्चे भी उनके साथ रह रहे थे। शेख दंपती और मोल्ला दो दशकों से भी अधिक समय से अवैध रूप से रह रहे थे। आगे की जांच जारी है।

## मुंबई: स्थानीय निकाय चुनावों में भारी मात्रा में धन की बबार्दी; इतने कम धन से चुनाव कैसे लड़ सकते हैं?

**मुंबई:** यह अब कोई रहस्य नहीं रहा कि स्थानीय निकाय चुनावों में भारी मात्रा में धन की बबार्दी होती है। हालाँकि, अगर हम राज्य चुनाव आयोग द्वारा इन चुनावों के लिए निर्धारित व्यय सीमा पर गौर करें, तो इतने कम धन से चुनाव कैसे लड़ सकते हैं? यही सवाल उठता है। नगरपालिका और जिला परिषदों के लिए चुनाव व्यय सीमा 1 जनवरी, 2017 को तय की गई थी। यह 9 साल बाद भी वही है। नगर परिषदों और प्रत्यक्ष महापौर चुनावों के लिए व्यय सीमा अक्टूबर 2016 में तय की गई थी। यह अभी भी वही है। अब इस व्यय सीमा को बढ़ाने की माँग हो



रही है। शिंदे सेना के विधायक संजय गायकवाड़ ने हाल ही में कहा था कि स्थानीय निकाय चुनावों में तीन करोड़ रुपये खर्च होते हैं और कभी-कभी 100 रुपये भी खर्च करने पड़ते हैं। राजनीतिक जानकारों का कहना है कि जिला परिषद और नगर पालिका चुनावों में दो-दो करोड़ रुपये खर्च करने पड़ते हैं। घर के लिए पैसे देने पड़ते हैं। कर्मचारियों के खाने-पीने, पेट्रोल-पानी का खर्च अलग से। नगरपालिका के लिए व्यय सीमा क्या है? श्रेणी/सदस्यता व्यय सीमा मुंबई नगर निगम 10 लाख रुपये। सदस्यों की संख्याः 161 से 175 सदस्य 10 लाख रुपये 151 से 160 सदस्य 10 लाख रुपये 116 से 150 सदस्य 8 लाख रुपये 86 से 115 सदस्य 7 लाख रुपये 65 से 85 सदस्य 5 लाख रुपये नगर परिषदों में व्यय सीमा श्रेणी/नगर पंचायत व्यय सीमा ए श्रेणी 3 लाख रुपये बी श्रेणी 2 लाख रुपये ए श्रेणी 1.50 लाख रुपये नगर पंचायत 1.50 लाख रुपये महापौर के प्रत्यक्ष चुनाव के लिए व्यय सीमा सामाजिक वर्ग व्यय सीमा ए श्रेणी 10 लाख रुपये बी श्रेणी 7.50 लाख रुपये ए श्रेणी 5 लाख रुपये जिला परिषद और पंचायत समिति का व्यय समूह संख्या (जिला) जिला परिषद व्यय सीमा पंचायत समिति व्यय सीमा 71 से 75 समूह 6 लाख रुपये 4 लाख रुपये समूह 61 से 70 समूह 5 लाख रुपये 3.50 लाख रुपये समूह 50 से 60 समूह 4 लाख रुपये 3 लाख रुपये चुनावों में बढ़ते खर्च और महंगाई को देखते हुए,

संपर्क कार्यालय : रोहिरा हाउस फ्लैट नो 8 दूसरा माला पाकीजा बेकरी के सामने कैडल रोड माहिम पश्चिम मुंबई ४०००१६
मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। मोबाइल नं 998777 5650, Email-editor@rokthoklekhaninews.com